# यूएई, स्वीडन और जापान के उद्यमी 27 हजार करोड़ का करेंगे निवेश

## यूएई की डीपी वर्ल्ड ने लाजिस्टिक व कार्गो में ज्वाइंट वेंचर की जताई इच्छा स्वीडन की आइकिया खोलेगी रिटेल स्टोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : विदेशी निवेशकों को यूपी माडल पसंद आ रहा है। टीम योगी को विभिन्न देशों में मिल रहे निवेश प्रस्तावों के बढ़ते आंकड़े इसकी पुष्टि कर रहे हैं। बुधवार को भी बेल्जियम, यूएई, कनाडा और अमेरिका में हुए रोड शो के दौरान विदेशी निवेशकों ने लाजिस्टिक एंड कार्गो, कृषि, पर्यटन, इंफ्रास्ट्रक्चर, सौर ऊर्जा समेत कई क्षेत्रों में निवेश की इच्छा जताई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले जबकि स्वीडन के निवेशकों ने चार हजार करोड़ के प्रत्यक्ष निवेश की इच्छा जताई। वहीं, जापान इंडिया इंडस्ट्री प्रमोशन एसोसिएशन ने यमुना एक्सप्रेसवे पर 2500 करोड़ की लागत से टेक्सटाइल मशीनरी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने के लिए एमओयू साइन किया।

फरवरी में लखनऊ में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए मुख्यमंत्री ने 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए मंत्रियों का दल अधिकारियों के साथ अलग-अलग देशों में रोड शो कर रहा है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबु धाबी में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल को 20340 करोड़ रुपये के 25 लेटर आफ इंटेंट प्राप्त हुए। इस निवेश के जरिये प्रदेश में 27 हजार नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। प्रतिनिधिमंडल की डीपी वर्ल्ड के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात हुई, जिन्होंने यूपी के दादरी में लाजिस्टिक और कार्गो के क्षेत्र में ज्वाइंट वेंचर पर सहमति जताई। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने कानपुर के करीब हाईवे और रेलवे कनेक्टिविटी वाली भूमि की भी जरूरत साझा की, ताकि वहां बड़ा लाजिस्टिक प्लांट स्थापित किया जा सके। ज्वाइंट वेंचर के तहत दो हजार एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी।

इस मौके पर ग्रीनको ग्रुप के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए गए। यह ग्रुप यूपी के सोनभद्र में 3000 मेगावाट का स्टोरेज प्रोजेक्ट स्थापित करेगा। मंत्री राकेश सचान ने अबु धाबी प्रवास के दौरान भारतीय दूतावास अधिकारी डा. संजय सुधीर की मौजूदगी में संयुक्त अरब अमीरात के विदेश व्यापार मंत्री अहमद बिन अली अल थानी से मुलाकात कर उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। इससे पूर्व प्रतिनिधिमंडल ने लुलु इंटरनेशनल ग्रुप के चेयरमैन यूसुफ अली समेत अन्य उद्यमियों से मुलाकात कर उन्हें ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित किया था। लुलु ग्रुप ने नोएडा, गोरखपुर और वाराणसी में निवेश की इच्छा प्रकट की थी।

**कनाडा से निवेश के मिले कई प्रस्ताव** : विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और पशुपालन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने कनाडा के निवेशकों से मुलाकात की। कनाडा के मांट्रियल शहर में जेएमक्यू ग्लोबल के चीफ मेंटर व को-फाउंडर हिलमी कुरैशी के साथ राउंड टेबल मीटिंग पर निवेश संभावनाओं और योजनाओं पर चर्चा भी हुई। हिलमी कुरैशी ने हेल्थ टेक्नोलाजी पर निवेश की इच्छा जाहिर की। प्रतिनिधिमंडल ने कंपनी के साथ हेल्थ, एआई, आइटी जैसे क्षेत्रों में भागीदारी की संभावनाओं पर भी चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल सीडीपीक्यू के डायरेक्टर एरिक क्रिप्टन से भी मिला। उन्होंने उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा व हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में निवेश की इच्छा जताई। प्रतिनिधिमंडल ने पेंशन फंड और फाइनेंशियल जैसे क्षेत्रों में भागीदारी की संभावनाओं पर भी चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल की फैन कैंप एक्सप्लोरेशन लिमिटेड के सीईओ और सीईओ राजेश शर्मा से भी मुलाकात हुई। यूपी से जुड़े राजेश शर्मा ने मिनरल एक्सप्लोरेशन व एनर्जी रिडक्शन के क्षेत्र में निवेश पर रुचि दिखाई। वहीं, गवर्नमेंट अफेयर्स, बामबार्डियर के वाइस प्रेसिडेंट पियरे सीन युन ने डिफेंस और एयरोस्पेस में, जिम इंटीग्रेटेड शिपिंग सर्विस के प्रेसीडेंट स्टीव एम फिल्डर ने लाजिस्टिक व सप्लाई में निवेश की इच्छा जताई। वैंकूवर में प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात आप्टिमस इंफार्मेशन इंक के फाउंडर और एमडी पंकज अग्रवाल समेत अन्य निवेशकों से हुई। इनसे डाटा सेंटर, हेल्थकेयर, फूड प्रोसेसिंग, आइटी, डिफेंस और एयरोस्पेस में भागीदारी को लेकर बातचीत हुई। वार्ता के दौरान यूपी और कनाडा, इंडिया ग्लोबल फोरम के बीच जीआइएस 2023 के प्रचार को लेकर एक एमओयू भी हुआ। इंडो-कनाडा ओटावा बिजनेस चैंबर के साथ भी एमओयू हुआ।




टोक्यो में आयोजित रोड शो के दौरान निवेशकों को संबोधित करते प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ● सूचना विभाग



अबू धाबी प्रवास के दौरान मंत्री राकेश सचान ने संयुक्त अरब अमीरात के विदेश व्यापार मंत्री अहमद बिन अली अल थानी से भारतीय दूतावास अधिकारी डा. संजय सुधीर की मौजूदगी में मुलाकात कर उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की● सूचना विभाग

### कृषि के क्षेत्र में निवेश पर अमेरिकन कंपनियों से चर्चा

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह की अध्यक्षता वाला प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका के न्यूयार्क में विंगस्योर के फाउंडर और सीईओ अवि बसु से मुलाकात की। कृषि के क्षेत्र में नई तकनीक के इस्तेमाल पर विस्तृत चर्चा हुई। डेल्टा एनर्जी एंड कम्युनिकेशन के सीएफओ जान हेंड्रिक और आइ क्रिएट के फाउंडर पराग अमीन से भी प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात हुई। न्यूयार्क में भारत के काउंसलेट जनरल रणधीर जायसवाल ने प्रतिनिधिमंडल को अमेरिका में निर्मित परफ्यूम भेंट किया जिसमें यूपी के ओडीओपी उत्पाद कन्नौज के अतर से बने सत्व का उपयोग किया गया है।

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT 10-12 FEBRUARY, 2023

### स्वीडन की कंपनियां करेंगी 4000 करोड़ रुपये का निवेश

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बुधवार को स्वीडन में निवेशकों के साथ बैठक की। स्वीडन और उत्तर प्रदेश के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने एवं सहयोग के रास्ते तलाशने के लिए मंत्री नंदी ने लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद के साथ स्टाकहोम में भारतीय दूतावास का दौरा भी किया और आइकिया प्रबंधन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। आइकिया कंपनी ने यूपी में रिटेल स्टोर और लवजरी माल खोलने के लिए 4000 करोड़ रुपये के निवेश की इच्छा जताई है। आइकिया के ग्लोबल एक्सपेंशन हेड जान क्रिस्टेंसन ने स्टाकहोम के गैलेरियन स्टोर में प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और उत्तर प्रदेश के लिए अपनी योजनाओं को साझा किया। प्रतिनिधिमंडल ने आइवीएल-स्वीडिश पर्यावरण अनुसंधान संस्थान का भी दौरा किया।

### टेक्सटाइल यूनिट लगाएगी जापान की कंपनी 2500 करोड़ का होगा निवेश

तकनीकी शिक्षा मंत्री आशीष पटेल और पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने जापान में निवेशकों से मुलाकात की। इस अवसर पर जापान इंडिया इंडस्ट्री प्रमोशन एसोसिएशन के प्रशांत गोडघाटे ने यूपी के यमुना एक्सप्रेसवे पर 2500 करोड़ की लागत से टेक्सटाइल मशीनरी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने के लिए एमओयू साइन किया। इस निवेश से प्रदेश के 5000 लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा। जापान फार्मास्युटिकल ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष फुजिकावा सहित अन्य संगठनों के साथ नीति संचालित शासन, इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, फार्मा में अत्याधुनिक नवाचार और वर्ल्ड क्लास वेयर हाउसिंग सुविधा के बारे में विचार साझा किए। जयवीर सिंह ने उत्तर प्रदेश में बेहतर अपशिष्ट प्रबंधन के लिए जैविक और अजैविक कचरे के अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नवीन प्रौद्योगिकी पर चर्चा करते हुए एशिया इंडस्ट्रीज कंपनी लिमिटेड के सीईओ मनोज के महतानी के साथ बैठक की। रोड शो के अवसर पर जापान में भारत के राजदूत, सिबी जार्ज और जेट्रो के कार्यकारी अध्यक्ष नाकाजो भी उपस्थिति रहे।